भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 264
22 जुलाई, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

मैच्योरिटी-ऑनसेट डायबिटीज ऑफ द यंग

264. # श्रीमती फूलो देवी नेतमः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि देश में युवावस्था में होने वाले मधुमेह के एक नए सब-टाइप (मैच्योरिटी-ऑनसेट डायबिटीज ऑफ द यंग) की पहचान की गई है;

(ख) यदि हाँ, तो अब तक मैच्योरिटी ऑनसेट डायबिटीज ऑफ द यंग के पहचाने गए सब-टाइप्स की कुल संख्या और प्रभावित व्यक्तियों की राज्य-वार संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ग) मैच्योरिटी-ऑनसेट डायबिटीज ऑफ द यंग से पीड़ित युवाओं के लिए क्या योजना चलाई जा रही है और यदि नहीं, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): हाल ही में प्रकाशित अध्ययन (जे एसो. फिजिशियन इंडिया 2025) के अनुसार, भारत में मैच्योरिटी-ऑनसेट डायबिटीज ऑफ द यंग (एमओडीवाई) के रूप में मधुमेह के एक नए सब-टाइप की पहचान की गई है। मैच्योरिटी-ऑनसेट डायबिटीज ऑफ द यंग एक प्रकार का मोनोजेनिक मधुमेह है जो एकल जीन में उत्परिवर्तन के कारण होता है। अब तक मैच्योरिटी-ऑनसेट डायबिटीज ऑफ द यंग के 14 विभिन्न प्रकारों की पहचान की जा चुकी है। प्रकाशित लेख में दी गई रिपोर्ट के अनुसार है कि यह नया प्रकार का मैच्योरिटी-ऑनसेट डायबिटीज ऑफ द यंग बाइडिंग कैसेटे सबफैमिली सी मेंबर 8 (एबीसीसी 8) नामक जीन में उत्परिवर्तन की कार्यशीलता में कमी के कारण होता है। साहित्य में वर्णित 14 प्रकार के मैच्योरिटी-ऑनसेट डायबिटीज ऑफ द यंग में से, हाल ही में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, भारत में मैच्योरिटी-ऑनसेट डायबिटीज ऑफ द यंग 1 और मैच्योरिटी-ऑनसेट डायबिटीज ऑफ द यंग 3 सबसे सामान्य हैं।

स्वास्थ्य राज्य का विषय है। मधुमेह सहित गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के लिए जन स्वास्थ्य सुविधाकेंद्रों में उपचार प्रदान किया जाता है। मैच्योरिटी-ऑनसेट डायबिटीज ऑफ द यंग से पीड़ित युवाओं का, मैच्योरिटी-ऑनसेट डायबिटीज ऑफ द यंग से पीड़ित व्यक्तियों के रूप में, कम मूल्य वाली सल्फोनीलुरिया गोलियों से टाइप 2 मधुमेह वाले व्यक्तियों की तरह उपचार किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, मैच्योरिटी-ऑनसेट डायबिटीज ऑफ द यंग मधुमेह का एक दुर्लभ प्रकार है।

*****